सत्र-2021-22

# आदर्श प्रश्न पत्र

## विषय हिन्दी

## कक्षा दसवीं

निर्धारित समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 50

सामान्य निर्देश: परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

विशेष निर्देश :

1. अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बाँई ओर दिए गए वृत में प्रश्न पत्र सीरीज अवश्य लिखें।
2. प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।
3. उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िए।
4. प्रश्न-पत्र चार खण्डों-क, ख, ग और घ में विभक्त है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड-क

प्र० 1. **निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** $1 \times 5 = 5$

बड़े शोक की बात है, आजकल भी ऐसे लोग विद्यमान हैं जो स्त्रियों को पढ़ाना उनके और गृह-सुख के नाश का कारण समझते हैं। और, लोग भी ऐसे-वैसे नहीं, सुशिक्षित लोग-ऐसे लोग जिन्होंने बड़े-बड़े स्कूलों और शायद कॉलजों में भी शिक्षा पाई है, जो धर्म शास्त्र और संस्कृत के ग्रंथ साहित्य से परिचय रखते हैं, और जिनका पेशा कुशिक्षितों को सुशिक्षित करना, कुमार्गगमियों को सुमार्गगामी बनाना और अधार्मिकों को धर्मत्त्व समझाना है।

(क) लेखक के अनुसार शोक की बात क्या है ?

(ख) गृह-सुख के नाश से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(ग) लेखक ने ऐसे-वैसे किन लोगों को कहा है ?

(घ) लेखक ने किन-किन के पेशों की ओर संकेत किया है ?

(ङ) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

अथवा

काशी में संगीत आयोजन एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है। यह आयोजन पिछले कई वर्षों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पाँच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन-वादन की उत्कृष्ट सभा होती है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते हैं। अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ के प्रति भी अपार है।

(क) काशी में संगीत आयोजन की परंपरा क्या है ?

(ख) हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित संगीत सभा का परिचय दीजिए।

(ग) बिस्मिल्ला खाँ की काशी विश्वनाथ के प्रति भावनाएँ कैसी थीं ?

(घ) काशी में संकटमोचन मंदिर कहाँ स्थित है ?

(ङ) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

## खण्ड–ख

प्र० 2. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 1 × 5 = 5

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन है स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

(क) कवि ने आग और पानी का क्या प्रतीक स्पष्ट किया है ?

(ख) वस्त्र और आभूषण नारी जीवन में क्या हैं ?

(ग) माँ ने अपनी लड़की को क्या समझाया ?

(घ) अपने चेहरे पर मत रीझना पंक्ति से कवि का क्या आशय है ?

(ङ) कवि और कविता का नाम लिखिए।

**अथवा**

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढस बंधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर
कभी-कभी वह यों ही दे देता है उसका साथ
यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है
और यह कि फिर से गाया जा सकता है
गाया जा चुका राग
और उसकी आवाज़ में जो एक हिचक साफ सुनाई देती है या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है उसे विफलता नहीं
उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए।

(क) तार सप्तक क्या है ?

(ख) मुख्य गायक को ढाँढ़स कौन बंधाता है ?

(ग) संगतकार की आवाज़ में हिचक क्यों सुनाई देती है ?

(घ) मुख्यगायक का साथ कभी-कभी कौन देता है ?

(ङ) कवि और कविता का नाम लिखें।

## खण्ड-ग

प्र० 3. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए: (1 × 5 = 5)

(क) मेरे घर के समीप मंदिर है। (वाक्य में प्रयुक्त अव्यय छाँटिए)।

(ख) वह पुस्तक पढ़कर सो गया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)।

(ग) झूठ बोलना पाप है। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखें)।

(घ) विशाल रोता है। (कर्मवाच्य में बदलें)

(ङ) निम्नलिखित शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए :-

यथासंभव, वेद-पुराण।

प्र० 4. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए :- (7)

(क) शिक्षा में खेल-कूद का महत्त्व, भूमिका, खेलों के प्रकार, कार्यक्षमता में वृद्धि, सहयोग की भावना, साहस, आत्मविश्वास, उपसंहार।

(ख) कोरोना महामारी :- कोरोना महामारी क्या है ? कोरोना कहाँ से फैला, कोरोना के लक्षण, कोरोना से बचाव के उपाय।

(ग) विजयदशमी :-भूमिका, मनाने का कारण, शस्त्र पूजन, झाँकियाँ, रामलीलाएँ, बुराई पर अच्छाई की विजय, उपसंहार।

(घ) मेरे सपनों का भारत :- भूमिका, भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक विकास, विभिन्न परियोजनाएं, दर्शनीय स्थल, महापुरुषों की धरती, उपसंहार।

(ङ) पर्यावरण संरक्षण :- भूमिका, प्रदूषण के प्रकार, प्रदूषण से हानियाँ, रोकने के उपाय, उपसंहार।

प्र० 5. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आर्थिक- दण्ड क्षमा करने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखें। 5

अथवा

जन्मदिवस पर प्राप्त भेंट के लिए अपने चाचा जी को धन्यवाद-पत्र लिखे।

प्र० 6. विद्यालय में अनुपस्थित होने पर शिक्षक और विदयार्थी के मध्य वार्ता को संवाद शैली में लिखिए। 5

अथवा

आपके विद्यालय में कोरोना जाँच का आयोजन किया जा रहा है। कोरोना जाँच के संबंध में एक सूचना तैयार करे।

अथवा

आपके विद्यालय में मतदाता दिवस मनाया गया। इस संदर्भ में सभा के आयोजन का संक्षिप्त प्रतिवेदन लिखिए।

खण्ड-घ

प्र० 7. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

( 2 × 3 = 6 )

(क) कवि के अनुसार फसल क्या है ?

(ख) माँ को अपनी बेटी अंतिम पूंजी क्यों लग रही थी ?

(ग) संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते हैं ?

(घ) माँ ने बेटी को सचेत करना क्यों जरूरी समझा ?

(ङ) कवि फसल को हाथों से स्पर्श की गरिमा और महिमा कहकर क्या व्यक्त करना चाहता है ?

प्र० 8. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के** उत्तर लिखें। 2 × 3 = 6

(क) तब की शिक्षा प्रणाली और अब की शिक्षा प्रणाली में क्या अंतर है ? स्पष्ट करें।

(ख) शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है ?

(ग) पुराने समय में स्त्रियों द्वारा प्राकृत भाषा में बोलना क्या उनके अनपढ़ होने का सबूत है ? पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।

(घ) काशी में हो रहे कौन से परिवर्तन बिस्मिल्ला खाँ को व्यथित करते थे ?

(ङ) बिस्मिल्ला खाँ को कौन-कौन से राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हुए हैं ?

प्र० 9. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के** उत्तर लिखें। 2 × 3 = 6

(क) प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है ?

(ख) लोंग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक-सी क्यों दिखाई दी ?

(ग) गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया ?

(घ) प्राकृतिक सौंदर्य के आलौकिक आनंद में डूबी लेखिका को कौन-कौन से दृश्य झकझोर गए ?

(ङ) प्रकृति के उस अनंत और विराट स्वरप को देखकर लेखिका को कैसी अनुभूति होती है ?